समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# 18 दिन बाद अंतरिक्ष से लौटे शुभांशु शुक्ला, देशभर मे हो रहा है गर्व और जश्न।

Publisher
Published on 15 Jul 2025



**अंतरिक्ष मिशन 'ग्रेस' को सफलतापूर्वक पूरा कर लौटे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, नासा मे अगले 7 दिन तक रहेगें आइसोलेशन मे।**

**नई दिल्ली : 18 दिनों तक अंतरिक्ष मे रंहने के बाद** भारतीय ग्रुप कैप्टन **शुभांशु शुक्ला** अब पृथ्वी पर सकुशल लौट आए हैं। जैसे ही उनका **स्पेस कैप्सूल** 'ग्रेस' प्रशांत महासागर में लैंड हुआ, पूरे देश में **खुशी की लहर दौड़ गई**। उनकी मां ने राहत की सांस ली, लेकिन भावनात्मक पल के बावजूद वो अपने बेटे को तुरंत गले नहीं लगा सकेंगी। आइए जानते हैं क्यों।

**अब शुरू हुआ मेडिकल आइसोलेशन**

**अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन** (ISS) पर **18 दिन** बिताने के बाद **शुभांशु** अब सीधे घर नहीं जाएंगे। उन्हें पहले नासा के **मेडिकल** और **रिहैबिलिटेशन सेटंर** में भेजा गया है, जहां उन्हें कम से कम **7 दिनों** तक आइसोलेशन में रखा जाएगा।

**पहले 7 दिन कैसे बीतेगें ?**

१. **इन 7 दिनों मे उंनकी शारीरिक और मानसिक स्थिति की बारीकी से जांच की जाएगी।**
२. **हड्डियों और मांसपेशियों को फिर से मजबूत बनाने के लिए विशेष व्यायाम कराए जाएंगे।**
३. **शरीर की संतुलन प्रणाली की जांच होगी ताकि चक्कर, थकान और सिरदर्द जैसे लक्षणों को ट्रैक किया जा सके।**
४. **वैज्ञानिक टीम इस मिशन से जुड़े डेटा का विश्लेषण करेगी, जो भविष्य की स्पेस मिशनों के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।**

**पृथ्वी पर लौटना आसान नहीं**

१. **अंतरिक्ष मे शून्य गुरुत्वाकर्षण मे रंहने से शरीर कमजोर हो जाता है। पृथ्वी पर वापसी के बाद।**
२. **शरीर को गुरुत्वाकर्षण का सामना करना पड़ता है।**

३. **चक्कर, थकान, और संतुलन बिगड़ने जैसी समस्याएं सामान्य है।**

इसीलिए नासा पहले उन्हें फ्लाइट सर्जन की निगरानी में रखता है और बाद में परिवार से मिलने की अनुमति देता है।

**देश कर रहा है सलाम**

**शुभांशु शुक्ला** की वापसी पर **सोशल मीडिया** पर बधाइयों की बाढ़ आ गई है। लोग उन्हें "**भारत का स्पेस हीरो**" कहकर सम्मानित कर रहे हैं। इस ऐतिहासिक मिशन ने एक बार फिर भारत को **वैश्विक अंतरिक्ष मंच** पर गौरवान्वित किया है।

https://samacharwani.com/wp-content/uploads/2025/07/Shubhanshu-shukla-on-Earth.mp4

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.